राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

प्रधानमंत्री श्री मोदी की उपस्थिति में हुआ भव्य शपथ ग्रहण समारोह

श्री भजन लाल शर्मा ने ली प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ

सुश्री दिया कुमारी और श्री प्रेमचंद बैरवा ने ली उप मुख्यमंत्री पद की शपथ

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ

जयपुर, 15 दिसम्बर। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामय उपस्थिति में राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शुक्रवार को रामनिवास बाग में आयोजित भव्य समारोह में श्री भजन लाल शर्मा को मुख्यमंत्री पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

राज्यपाल मिश्र ने इस अवसर पर सुश्री दिया कुमारी और श्री प्रेमचंद बैरवा को उप मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री सम्मिलित हुए। शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित विधायक, स्वयंसेवक और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

शपथ ग्रहण समारोह से पूर्व पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन का वादन हुआ। मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा ने शपथ ग्रहण से संबंधित कार्यवाही का संचालन किया। बाद में सभी ने मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा का अभिनंदन करते हुए उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम का समापन पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन के साथ हुआ।

———————

राजस्थान की नवनिर्वाचित सरकार का
शपथ ग्रहण समारोह
नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार

15 दिसम्बर, 2023
रामनिवास बाग,जयपुर

राजस्थान की नवनिर्वाचित सरकार का
शपथ ग्रहण समारोह

राजस्थान की नवनिर्वाचित सरकार का
शपथ ग्रहण समारोह
नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार

राजस्थान की नवनिर्वाचित सरकार का
शपथ ग्रहण समारोह
15 दिसम्बर, 2023
रामनिवास बाग,जयपुर

राजस्थान की नवनिर्वाचित सरकार का
शपथ ग्रहण समारोह
15 दिसम्बर, 2023
रामनिवास बाग,जयपुर